राजस्थान पत्रिका
करौली, रविवार, 26 मार्च, 2023

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

# डॉक्टरों ने स्वयंसेवकों को सिखाए जीवन रक्षक गुर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लग रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में शनिवार को मेडिकल हेल्प और जीवन रक्षा के बारे में बताया। कार्यक्रम के चिकित्सकों ने मॉडल प्रदर्शन व वीडियो फिल्म के माध्यम से एनएसएस के स्वयं सेवकों के प्राथमिक चिकित्सा करने की जानकारी दी। प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों यूनिटों के संयुक्त कार्यक्रम में प्रथम सत्र में डॉ. सुरेश गर्ग ने पानी में डूबने ब अन्य कारणों के बेहोश हुए व्यक्ति को कृत्रित सांस (सीपीआर) देने के तरीकों के वीडियो व प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर बताया। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग को व्यक्ति और प्रकृति को हो रहे नुकसान के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में जिला चिकित्सालय के फिजीशियन डॉ आशीष कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों से खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने भोजन में केवल गेहू की बजाय गेहूं जौ चने का मिक्स आटे के उपयोग की सलाह दी। साथ ही प्रति दिन 40 से 50 मिनट व्यायाम जरुरी बताया।



हिण्डौनसिटी.राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर में मौजूद विद्यार्थी।

इस दौरान कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार गोयल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश कुमार गर्ग, उपमा मीना, गुंजन गोयल, धीरज कुमार गुप्ता, शालिनी गुप्ता ,भोली मीणा, राजू बेनीवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ. श्रीनिवास गुर्जर ने किया।

**करौली.** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय शिविर के तहत गोद ली गई बस्ती शिकारगंज में सर्वे कार्य किया गया। प्राचार्य नत्थूसिंह राजावत ने बतायाकि स्वयंसेवकों ने समूह व एकल तरीके से घर- घर जाकर 60 परिवारों का सर्वे किया। उन्होंने परिवार के मुखिया से जनाधार से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर 15 से 29 वर्ष के बेरोजगार युवाओं के आंकडे प्राप्त किए। इसके बाद रामकिशन आदर्श माध्यमिक विद्यालय में जनजागरूकता गोष्ठी हुई। जिसमें प्राचार्य ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरित्र का उदाहरण देकर स्वयंसेवको को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रूपसिंह माली ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप स्कीम व आंगनबाड़ी से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला समन्वयक रामसिंह मीना, डॉ. बीएल बैरवा, कार्यक्रम अधिकारी विश्राम सिंह मीना व ओपी मीना ने आभार व्यक्त किया।